# भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर
## तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक, राजस्थान –304 501

फा.सं. टेण्ट एण्ड पांडाल कमेटी/भेड़ मेला/2016/2016 दिनांकः 03.03.

**<u>अल्पकालीन लिमिटेड़ टेण्डर/कोटेशन सूचना</u>**

संस्थान में संभावित दिनांक 28.03.2016 को प्रस्तावित राष्ट्रीय भेड़ एवं किसान मेला व किसान गोष्ठी के लिये टेण्ट /पंडाल एवं इससे संबंधित सामग्री व कार्य किराये पर करवाया जाना है। इसके लिये इच्छुक फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में सीलबन्द अल्पकालीन लिमिटेड टेण्डर/कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। लिमिटेड टेण्डर/कोटेशन दिनांक 18.03.2016 को मध्याह्न 01.00 बजे तक व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास क्रय अनुमाग में पहुँच जाने चाहिए। देरी से प्राप्त होने वाले कोटेशनों पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त कोटेशन उसी दिन मध्याह्न पश्चात् 03.00 बजे समिति द्वारा कोटेशनदाताओं के समक्ष खोलें जावेगें। उक्त कार्य हेतु अनुमानित टेण्ट का क्षेत्रफल एवं अन्य सामग्री की मात्रा निम्नानुसार है तथा इसके लिये निम्नलिखित नियम व शर्ते लागू होगी :–

| S.No. | Purpose | Size/quantity | Tent | Table | Chair | Other | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Stage | 15x45 feet | 3 | 20 | 15 | Table cover 9 | Pipe white decorated |
| 2. | Sitting Pandal (for 1500 persons) | 120x150 feet | 80 | 10 | 1500 including Sofa in first row with cover | All table with cover & Frill | Matting in all Pandal |
| 3. | Registration | 30x15 feet | 2 | 6 | 8 | | Pipe tent with divider |
| 4. | Exhibition Pandal | 260x80 feet | 50 | 160 | 120 | | Decorated with metrical |
| 5. | Gates & Gallery | 3 (Pandal, Exhibition, Food Court ) | | | | | |
| 6. | Canteen Staff | 15x45 feet | 3 | 20 | 60 | -- | |
| 7. | Water/Tea Stall | 15x30 feet | 2 | -- | -- | -- | |
| 8. | Transport Committee Pandal | 15x15 feet | 1 | 3 | 3 | -- | With material |
| 9. | Water Drums | 8 | | | | | |
| 10. | Guest House Pandal | 45x120 feet | 24 | 24 (round & squre table 12 with cover) | 100 with cover | Dustbin big size 8 nos. | -- |
| 11. | Food court | Tent 400 Persons | | | | | |
| 12. | P.G. Hostal | Dari Patti 100 | | | | | |
| 13. | Taint/Kanat for animals | 20 | | | | | |
| 14 | Health consultancy tent | 01 tent (15x15 Tent) | | | | | |
| 15- | Fan/ Cooler | For Pandal & Stage | | | | | |
| 16- | Water Can for exhibition | 60 cane | | | | | |

नियम व शर्ते :–

1. उक्त सामानों को लाने व ले जाने की समस्त जिम्मेदारी स्वयं अनुबन्धकर्ता की होगी तथा संस्थान इसके लिये जिम्मेदार नहीं होगा।
2. उक्त सामान की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अनुबन्धकर्ता की होगी। अगर कोई सामान चोरी अथवा डेमेज होता है तो इसके लिये संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. उपरोक्त दर्शाये गये सामान की मात्रा में 10–15 प्रतिशत की कमी या अधिकता हो सकती है।
4. संस्थान में लगाया जाने वाला टेण्ट व अन्य सामान साफ–सुथरे होने चाहिए तथा टेण्ट कटा–फटा नहीं होना चाहिए। टेण्ट व अन्य सामान गन्दे होने पर स्वीकार नहीं किये जावेगें।
5. कुर्सिया व टेबिले साफ सुथरी एवं ठीक होनी चाहिए। टूटी एवं हिलने वाली कुर्सी एवं टेबल स्वीकार नही की जावेगी।
6. टेण्ट की सम्पूर्ण व्यवस्था सक्षम अधिकारी महोदय अथवा उनके प्रतिनिधि के निर्देशानुसार करनी होगी।
7. भुगतान अनुबन्धकर्ता द्वारा कार्य संतोषजनक पूर्ण करने के उपरान्त बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने पर एक माह के भीतर ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जावेगा। अतः कोटेशनदाता को कोटेशन प्रपत्र के साथ अपने बैंक खाते संबंधि विवरण संलग्न करना अनिवार्य है।
8. टेण्ट की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी होने पर सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा निर्धारित राशि अनुबन्धकर्ता के बिल से काट ली जावेगी।
9. टेण्ट लगाने एवं हटाने तथा टेबल कुर्सी की साफ–सफाई एवं उन्हें यथा स्थान (सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार) पर व्यवस्थितरूप से जमाना/रखने आदि कार्यो के लिये मजदूर अनुबन्धकर्ता के ही होगें तथा संस्थान द्वारा इसका अलग से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।
10. निविदा/कोटेशनदाता को निविदा/कोटेशन के साथ रूपये 5000/– (रूपये पांच हजार मात्र) की नकद अथवा डी.डी. जो कि आई.सी.ए.आर. यूनिट, सी.एस.डब्लू. आर.आई., अविकानगर के पक्ष में एस.बी.बी.जे. बैंक मालपुरा मे देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। बिना अमानत राशि के निविदा/कोटेशन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
11. सफल कोटेशनदाता को कार्यादेश जारी करने से पूर्ण नियमानुसार 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करवानी होगी। यह राशि कार्य संतोषजनक पूर्ण होने के उपरान्त नियमानुसार देय होगी।
12. अनुबन्धकार्य में किसी भी प्रकार का मतभेद (Dispute) होने पर संस्थान के सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
13. सक्षम अधिकारी महोदय को बिना किसी कारण बताये एक अथवा सभी कोटेशनों को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

**<u>नोट</u>** :– कोटेशन के साथ फर्म के बैंक खाते का विवरण व पेन कार्ड नं. अथवा छाया प्रति होना आवश्यक है।

(लक्ष्मी चन्द)
सहायक प्रशासनिक अधिकारी/समिति सदस्य सचिव

वितरण :– 1. प्रभारी, ए.के.एम.यू. को संस्थान वेब साईट पर अपलोड़ करने हेतु।
2. सभी सूचना पट्ट, संस्थान कार्यालय भवन, लाइब्रेरी भवन, एनपीबी भवन, शॉपिंग कॉम्पलेक्स , केन्टीन, नगरपालिका व पंचायत समिति, मालपुरा, ग्राम पंचायत चाँदसेन।

मै0 ——————————————————
——————————————————

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैनें/हमने निविदा/कोटेशन में दर्शायी गई सभी नियम व शर्ते भली–भाँति पढ़ ली है, तथा मुझे/हमें पूर्ण रूप से स्वीकार है। मुझे/हमें, निविदा/कोटेशन सूचना में दर्शाये गये समस्त कार्यो का पूर्ण ज्ञान है तथा उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिये मेरी कुल एकमुश्त दर रूपये ——————— (अक्षरे ————————————————————) है। यदि मेरे कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि या सेवाएँ संतोषप्रद न होने पर सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा लिये गये निर्णय मुझे मान्य है।

हस्ताक्षर ठेकेदार/फर्म प्रतिनिधि मय

सील

पूरा पता

बैंक खाता संख्या ———— टेलीफोन/मोबाईल नं.

मय आई.एफ.एस. कोड़ नं. ————————— पेन कार्ड नं.